NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH

aglasem.com

Class : 6th

Subject : Hindi

Chapter : 1

Chapter Name : वह चिड़िया जो

Q1 कविता पढ़कर तुम्हारे मन में चिड़िया का जो चित्र उभरता है उस चित्र को कागज़ पर बनाइये।

Answer. कविता को पढ़िए और अपनी कल्पना के अनुसार चित्र बनाने का प्रयास करें।

Page : 02 , Block Name : कविता से

Q2 आपको अगर कविता को कोई और शीर्षक देना हो तो क्या शीर्षक देना चाहिए? उपयुक्त शीर्षक सोच कर लिखिए।

Answer. गरबीली चिड़िया।

Page : 02 , Block Name : कविता से

Q3 इस कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है?

Answer. चिड़िया को दूध भरे जुंडी के दाने से बहुत प्यार है। उसे कम में भी खुश होने आता है वो संतोषी है। उसे अन्न से बहुत प्यार है। वह आकाश में उड़ने की शौकीन हैं। उसे प्रकृति के साथ होड़ लगाने से प्यार है तभी उफनते नदी में से चोंच मारकर जल निकाल लाती है।

Page : 02 , Block Name : कविता से

Q4 आशय स्पष्ट करो –

(क) रस उँडेल कर गा लेती है

(ख) चढ़ी नदी का दिल टटोलकर, जल का मोती ले जाती है

Answer. (क) ”उन्मुक्त होकर सम्पूर्ण वातावरण में अपनी आवाज़ से स्वतंत्र होकर गाती रहती है।और अपनी रसात्मक ध्वनि से सबको भावविभोर कर देती है।

Answer. (ख) वह अपनी साहस और दृढ़ सकती को दिखाती है जिसमे वो उफनती नदी में से जल की बूंद को अपने चोंच में दबाए चली आती है।

Page : 03 , Block Name : कविता से

Q1 कवि ने नीली चिड़िया का नाम नहीं बताया है। वह कौन सी चिड़िया रही होगी? इस प्रश्न का उत्तर जानने के लिए पक्षी-विज्ञानी सालिम अली की पुस्तक ‘भारतीय पक्षी’ देखो। इनमें ऐसे पक्षी भी शामिल हैं जो जाड़े में एशिया के उत्तरी भाग और अन्य ठंडे देशों से भारत आते हैं। उनकी पुस्तक को देखकर तुम अनुमान लगा सकते हो कि इस कविता में वर्णित नीली चिड़िया शायद इनमें से कोई एक रही होगी-

aglasem.com

नीलकंठ

छोटा किलकिला

कबूतर

बड़ा पतरिंगा

Answer. इस कविता में वर्णित नीली चिड़िया शायद नीलकंठ रही होगी, क्योंकि उसके शरीर के ज्यादातर भाग का रंग नीला होता है, आकार तथा आवाज़ मीठी होती है।

Page : 03 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2 नीचे कुछ पक्षियों के नाम दिए गए हैं। उनमें यदि कोई पक्षी एक से अधिक रंग का है तो लिखो, कि उसके किस हिस्से का रंग कैसा है। जैसे तोते की चोंच लाल है, शरीर हरा है।

(i) मैना

(ii) कौआ

(iii) बतख

(iv) कबूतर

Answer. मैना को छोड़कर बाकी सभी पक्षी एक ही रंग के होते हैं। मैना के पंख भूरे व सफ़ेद रंग के होती है। उनकी टाँगें हलकी लाल होती हैं।

Page : 03 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3 कविता का हर बंध 'वह चिड़िया जो-' से शुरू होता है और मुझे बहुत प्यार है' पर खत्म होता है। तुम भी इन पंक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी कल्पना से कविता में कुछ नए बंध जोड़ो।

Answer. वह चिड़िया जो

घर की खातिर

चोंच में लाये लकड़ी पाती

और बनाये किसी शाख पर

अपना सुंदर सा घर-डेरा

मुझे डालो से बहुत प्यार है।

Page : 03 , Block Name : अनुमान और कल्पना

aglasem.com

Q4 तुम भी ऐसी कल्पना कर सकते हो कि 'वह फूल का पौधा जो-पीली पंखुड़ियों वाला-महक रहा है, मैं हूँ। उसकी विशेषताएँ मुझ में हैं …। फूल के बदले वह कोई दूसरी चीज़ भी हो सकती है जिसकी विशेषताओं को गिनाते हुए तुम उसी चीज़ से अपनी समानता बता सकते हो … ऐसी कल्पना के आधार पर कुछ पंक्तियाँ लिखो।

Answer.

वह फूल का पौधा जो

हवा में झूलता

आंगन में खड़ा मुस्कुरा रहा है

खुशबू अपनी फैला रहा है

पीली पंखुड़ियों वाला पौधा मैं हूँ

मुझे हवा से बहुत प्यार है

Page : 03 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q1 पंखोंवाली चिड़िया

नीले पंखोंवाली चिड़िया

ऊपरवाली दराज

सबसे ऊपरवाली दराज़

यहाँ रेखांकित शब्द विशेषण का काम कर रहे हैं। ये शब्द चिड़िया और दराज संज्ञाओं की विशेषताएँ बता रहे हैं, अतः रेखांकित शब्द विशेषण हैं और चिड़िया, दराज विशेष्य हैं। यहाँ 'वाला/वाली' जोड़कर बनने वाले कुछ और विशेषण दिए गए हैं। ऊपर दिए गए उदाहरणों की तरह इनके आगे एक-एक विशेषण और जोड़ो।

aglasem.com

……. मोरोंवाला बाग

………….. पेड़ोंवाला घर।

…………… फूलोंवाली क्यारी

…………. स्कूलवाला रास्ता।

…………. हँसनेवाला बच्चा

………… मूंछोंवाला आदमी।

Answer. अजीब मोरोंवाला बाग में बारिश का मज़ा अलग है।

सूखे पेड़ोंवाला बाग

नीले फूलोंवाली क्यारी

पथरीले स्कूलवाला रास्ता

बेकार हँसनेवाला बच्चा

उजले मूछोंवाला आदमी

Page : 04 , Block Name : भाषा की बात

Q2 वह चिड़िया ………….. जुडी के दाने रुचि से …….. खा लेती है।

वह चिड़िया …………… रेस उँडेलकर गा लेती है।

कविता की इन पंक्तियों में मोटे छापे वाले शब्दों को ध्यान से पढ़ो। पहले वाक्य में रुचि से खाने के ढंग की और दूसरे वाक्य में 'रस उँडेलकर' गाने के ढंग की विशेषता बता रहे हैं। अतः ये दोनों क्रियाविशेषण हैं। नीचे दिए वाक्यों में कार्य के ढंग या रीति से संबंधित क्रियाविशेषण शब्द छाँटो

सोनाली जल्दी-जल्दी मुँह में लड्डू ठूसने लगी।

गेंद लुढ़कती हुई झाड़ियों में चली गई।

भूकंप के बाद जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य होने लगा।

कोई सफ़ेद-सी चीज़ धप्प-से आँगन में गिरी।

टॉमी फुर्ती से चोर पर झपटा।

तेजिंदर सहमकर कोने में बैठ गया।

आज अचानक ठंड बढ़ गई है।

Answer. (1) जल्दी-जल्दी

(2) लुढ़कती हुई।

(3) धीरे-धीरे

(4) धप्प से

(5) फुर्ती से

(6) सहमकर

(7) अचानक

aglasem.com

Page : 04 , Block Name : भाषा की बात

aglasem.com